


***SESSION : 2024-25***

***SUBJECT : HINDI***

***CLASS : I V***

***Term -1& 2***

****SYLLABUS***

****   ART INTEGRATED LEARNING (AIL)***

**** SUBJECT  ENRICHMENT ACTIVITY(SEA)***

****   WORKSHEET***

****  CBE BASED QUESTION BANK***

****   REVISION  of PT-1, PT  -2,  HALF YEARLY & ANNUAL EXAM***

# Term-I SYLLABUS

| CLASS-IV | | TERM-I | | SUBJECT - HINDI |
|---|---|---|---|---|
| **महीना** | **पाठ्यपुस्तक** | **व्याकरण** | **क्रियात्मक कार्य** | **गतिविधियाँ** |
| अप्रैल / मई | पाठ -1 सुमन बने हम हर क्यारी के (कविता) | * भाषा<br>* संज्ञा | *अपठित गद्यांश<br>* चित्र वर्णन | भारत का तिरंगा बनाकर एक नारा याद करके सुनाना\| |
| जून | पाठ –2 नन्हा उल्लू<br>पाठ–3 निताई के सींग (मौखिक) | * लिंग | *अनुच्छेद लेखन | माँ के लिए प्यारा-सा कार्ड बनाना\| (AIL) |
| **PT -1 पाठ्यपुस्तक** - पाठ -1 सुमन बने हम हर क्यारी के, पाठ –2 नन्हा उल्लू<br>**व्याकरण** - भाषा, संज्ञा, लिंग<br>**क्रियात्मक कार्य** - अपठित गद्यांश, चित्र वर्णन | | | | |
| जुलाई | पाठ - 4 नन्हा पेड़<br>पाठ - 6 मेलजोल का सबक (मौखिक) | *वचन<br>*सर्वनाम | *अनौपचारिक पत्र<br>*अपठित पद्यांश | पेड़-पौधों के गुणों पर चर्चा |
| अगस्त | पाठ - 5 हमें देश तो लगता जैसे (कविता)<br>पाठ -7 चीं-चूँ बदल गया | *विशेषण<br>*पर्यायवाची शब्द | *अनौपचारिक पत्र<br>* चित्र वर्णन | विभिन्न धर्मों के त्योहारों पर चर्चा<br>पक्षी का घोंसला बनाना तथा उस पक्षी की जानकारी देना\| (SEA) |
| सितम्बर | * पुनरावर्तन | *पुनरावर्तन | *पुनरावर्तन | * प्रश्नोत्तरी |
| **HALF YEARLY SYLLABUS :-**<br>**पाठ्यपुस्तक**- पाठ-1 सुमन बने हम हर क्यारी के,पाठ–2 नन्हा उल्लू, पाठ-4 नन्हा पेड़,पाठ-5 हमें देश तो लगता जैसे, पाठ-7 चीं-चूँ बदल गया\| | | | | |

| |
|---|
| **व्याकरण**-भाषा, संज्ञा, लिंग,वचन,सर्वनाम,विशेषण,पर्यायवाची शब्द<br><br>**क्रियात्मक कार्य**-अपठित गद्यांश,अपठित पद्यांश,चित्र वर्णन,अनौपचारिक पत्र,अनुच्छेद लेखन |

## ART INTEGRATED LEARNING (AIL)

माँ के लिए प्यारा-सा कार्ड बनाना|




**अंक विभाजन -**

**कार्ड बनाना - 5 अंक**

**संदेश लिखना - 5 अंक**

## SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY (SEA)

पक्षी का घोंसला बनाना तथा उस पक्षी की जानकारी देना|



**अंक विभाजन -**

**घोंसला बनाना - 6 अंक**

**पक्षी की जानकारी देना - 4 अंक**

# Worksheet - 1

## वर्ग-पहेली पूरी करना (page no - 120 )

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. प | तं | | 2. म | | |
| | | | 3. क | म | 6. |
| 5. म | | | ड़ि | | 7. त |
| 4. छ | 9. त | रि | | | ल |
| | | | | | वा |
| | या | | | 8. घ | |

# CBE BASED QUESTION BANK

## पाठ - 1 सुमन बनें हम हर क्यारी के

1 ‘सुमन बनें हम हर क्यारी के बन उपवन महकें’ - इस पंक्ति में किस उपवन को महकाने की बात कही गई है?

2 हमें किसकी तरह धरती पर चमकना चाहिए?

3 कविता के अनुसार धरती पर क्या खो गया है जिससे सूनापन बढ़ता जा रहा है?

(i) पेड़-पौधे (ii) कुंदन

(iii) अपनापन (iv) पैसा

4 अमृत-विष मिल-जुलकर पी लें-इस पंक्ति का क्या अर्थ है?

(i) सुख सबसे बाँट लें (ii) दुख सबको बता दें

(iii) सुख-दुख आपस में बाँट लें (iv) मेहनत करें

5 कविता की वे पंक्तियाँ छाँटकर लिखिए- जिनमें सोने की तरह चमक बिखराने की बात कही गई है|

## पाठ - 2 नन्हा उल्लू



1 नन्हे उल्लू के माध्यम से किस अटूट रिश्ते को बताया गया है?

(i) उल्लू के (ii) माँ का पिता से

(iii) माँ का बच्चे से (iv) मित्रों के

2 नन्हे उल्लू ने अपनी माँ से कौन-सा प्रश्न नहीं पूछा ?

(i) आसमान में कितने सितारे हैं? (ii) आसमान कितना ऊँचा है?

(iii) समुद्र में कितनी लहरें हैं? (iv) सूरज क्यों निकलता है?

3 इसमें से कौन-सा पक्षी रात को जागता और दिन में सोता है?

(i) मोर (ii) तोता

(iii) उल्लू (iv) कौआ

4 नन्हे उल्लू ने अपनी माँ को अपना प्यार दिखाने के लिए क्या बात कही?

5 कथन- नन्हा उल्लू रात में जागकर तारे गिन रहा था|

कारण - डर लगने के कारण वह सो नहीं पा रहा था|

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(iii) कथन सही है किंतु कारण गलत है|

(iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है|

## पाठ - 4 नन्हा पेड़



1 नन्हा पेड़ सबसे अलग क्यों था?

(i) सबसे नन्हा था| (ii) हरे-पीले पत्ते थे|

(iii) काँटे ही काँटे थे| (iv) सबसे ज़्यादा होनहार था|

2 कथन- डर से मुझे कोई छूता तक नहीं|

कारण- नन्हे पेड़ में बहुत से काँटे थे|

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(iii) कथन सही है किंतु कारण गलत है|

(iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है|

3 सूरज की रोशनी में किस कारण से नन्हे पेड़ के पत्ते चमचमा रहे थे?

4 गलत शब्द को पहचान कर सही शब्द का प्रयोग कर वाक्य पुनः लिखिए:-

नन्हे पेड़ के सोने के पत्ते एक औरत ने तोड़ लिए|

5 इस पाठ से हमें क्या सीख मिली?


(i) कभी भी खुद को कम नहीं समझना चाहिए|

(ii) कभी भी किसी से तुलना नहीं करनी चाहिए|

(iii) विकल्प (i) व (ii) दोनों सही हैं|

(iv) विकल्प (i) व (ii) दोनों गलत हैं|

## पाठ-12 हमें देश तो लगता जैसे







1 कविता में देश को किसके समान बताया गया है?

2 भारत वृक्ष की शाखाएँ किससे सजी हुई हैं?

(i) पत्तों से (ii) त्योहारों से (iii) डालों से

(iv) इन सभी से

3 दीप जलाना कौन-से त्योहार की परम्परा है?

4 रमज़ान के महीने के बाद कौन-सा त्योहार मुस्लिम समाज मनाता है, जिसमें गले मिलकर बधाई दी जाती है?

5 क्रिसमस, ओणम, गुरुपर्व के, लगता जैसे फूल सजे हैं- रेखांकित संज्ञा शब्द संज्ञा के कौन-से भेद से जुड़े हैं?

## पाठ - 7 ची-चूँ बदल गया




1 आम के पेड़ पर चुनचुन का छोटा, मगर सुंदर घर था| पक्षियों के घर को हम किस नाम से जानते हैं?

2 चिड़िया चुनमुन के कितने बच्चे थे और कौन हमेशा नया करने की सोचता रहता था?

3 पाठ में 'विशालकाय' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

4 ननकू हाथी की बातों से ची-चूँ के जीवन में क्या बदलाव आया?

5 "काश! मैं भी आप के जैसा होता|" यह वाक्य किसने किससे कहा?

(i) ची-ची ने ननकू हाथी से (ii) ची-चूँ ने ननकू हाथी से

(iii) चुनमुन ने ची-चूँ से (iv) ननकू हाथी ने ची-चूँ से

## हिंदी व्याकरण

### भाषा और व्याकरण

1 ईश्वर ने पृथ्वी पर किसे बोलने का वरदान दिया है?

2 बिना बोले हम किसके द्वारा अपनी बात दूसरे को समझा सकते हैं?

3 उस राज्य की भाषा लिखिए जहाँ बैशाखी त्योहार मनाया जाता है|

4 THIS IS MY BAG. यह वाक्य जिस भाषा में लिखा है उस भाषा की लिपि लिखिए|

5



चित्र को देखकर उसका राज्य पहचानिए तथा उस राज्य में बोली जाने वाली भाषा तथा लिपि लिखिए|

## संज्ञा

1 संज्ञा का कौन-सा भेद गुण-दोष के बारे में बताता है?

2 संज्ञा के उस भेद का एक उदाहरण शब्द लिखिए जिसे हम देख और छू नहीं सकते हैं|

3 बच्चा अपने मित्र के साथ खेल रहा है| - प्रस्तुत वाक्य में से संज्ञा शब्द छांटिए उन संज्ञा शब्दों की भाववाचक संज्ञा बनकर लिखिए|

4 मैं अभी कहानी पढ़ रहा हूँ|- “मैं” शब्द के स्थान पर व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए|

5 नीचे दी गई व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के लिए जातिवाचक संज्ञा लिखिए :-

क. गुलाब जामुन, जलेबी, रसगुल्ला - ____________________

ख. हिमालय, अरावली, सतपुड़ा -_________________________

## लिंग

मेरी माता अपने बेटे को लेकर बस से बगीचे में गई| वहाँ मोर नाच रहा था| चिड़िया पेड़ पर बैठी थी| कुछ मच्छर भी परेशान कर रहे थे|

1 गद्यांश में आए रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए|

2 निम्न शब्दों के लिंग की पहचान कर लिखिए :-

बस -

पेड़ -

3 वाक्य पूरे कीजिए -

क. स्त्री जाति को बताने वाले शब्द ____________ तथा पुरूष जाति को बताने वाले शब्द _______________ कहलाते हैं|

ख. कुछ शब्दों में _________ या ___________ जोड़कर उसका लिंग दर्शाया जाता है|

4 कोयल तथा तितली जैसे शब्दों का लिंग बदलने के लिए किस शब्द का प्रयोग करना पड़ता है?

5 वाक्य में आई क्रिया शब्दों से लिंग की पहचान कीजिए :-

क. चाय गरम हो रही है|

ख. तालाब सूख गया है|

**वचन**




1 संज्ञा शब्दों की संख्या बताते हैं, बोलो बच्चों हम क्या कहलाते हैं?

**2** चित्र को देखकर उनके लिए वाक्य लिखिए -




____________________________________________________



________________________________



________________________________




________________________________

3 गलत शब्द के स्थान पर सही शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए :-

संख्या एक होने पर बहुवचन का पता चलता है| एक से अधिक संख्या होने पर एकवचन का पता चलता है|

4 एकवचन होने पर भी बहुवचन का प्रयोग कब किया जाता है?

(i) कभी नहीं किया जाता है|

(ii) अपनी मर्जी से कर सकते हैं|

(iii) आदर देने के

(iv) डराने के लिए

5 चित्रों को देखकर उनके एकवचन लिखिए :-




______________________



______________________



______________________

**<u>सर्वनाम</u>**



1 संज्ञा शब्दों का प्रयोग बार-बार नहीं करने के लिए हम जिन शब्दों का प्रयोग करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

2 मैं अभी बाहर जा रहा हूँ- रेखांकित शब्द का बहुवचन लिखिए|

3 उन शब्दों को गोला कीजिए, जो सर्वनाम नहीं हैं:-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. | ये | वे | में | तू |
| ख. | इनको | उसका | पैसा | कुछ |
| ग. | आज | आप | अपना | आपसे |

4 नीचे कुछ संज्ञा तथा सर्वनाम शब्द मिल गए हैं- उन्हें अलग-अलग कीजिए :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोयल | उन्होंने | पेड़ | क्या | कोई | कमीज़ | मंदिर | तुम्हारा |

संज्ञा - ___________ _______________ _______________ _______________

सर्वनाम - _________ ______________ _______________ _______________

5 तुम काम स्वयं करने की आदत डालो- इस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम के लिए प्रयुक्त शब्द छाँटकर लिखिए|

## विशेषण



1 मोटा भालू, चतुर सियार, एक आसमान और चिड़िया चार| कैसा-कितना जो बतलाए, बोलो बच्चों वह क्या कहलाए?

(i) संज्ञा
(ii) वचन
(iii) क्रिया
(iv) विशेषण

**2** अध्यापक की मेज़ पर कितनी किताबें रखी हुई हैं?

3 बगीचे में कैसे फूल खिले हुए हैं?

(i) रंग-बिरंगे
(ii) सुंदर
(iii) खुशबूदार
(iv) सभी विकल्प उचित हैं|

4 जो सर्वनाम शब्द संज्ञा शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

(i) संज्ञा
(ii) सर्वनाम
(iii) सार्वनामिक विशेषण
(iv) विशेषण

5 विशेषण शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए :-



(क) जिराफ़ एक ______________ जानवर है| इसकी गरदन ____________ होती है| इसे ____________ पत्तियाँ खाना पसंद होती हैं|



(ख) मेरी माँ ______________ है| वह _______________ खाना बनाती है| वह बहुत ________________ है, कभी भी मेहनत करने से नहीं डरती है|

## पर्यायवाची शब्द

1 दिए गए चित्रों के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|



________________ _________________



________________ _________________



_________________ _________________

2 रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची लिखकर अनुच्छेद दोबारा लिखिए :-

सूरज के निकलते ही फूल खिल जाते हैं| पेड़ पर पक्षी चहचहाने लगते हैं| ठंडी-ठंडी हवा का असर कम हो जाता है| आसमान में बादल दिखने लगते हैं| सभी लोग आँख खोल कर ईश्वर को धन्यवाद करते हैं|

3 जो शब्द पर्यायवाची नहीं है, उसे रेखांकित कीजिए :-

(क) जंगल मंगल कानन विपिन

(ख) देव सुर असुर देवता

(ग) सूत सुत पुत्र तनय

4 समान अर्थ बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

5 मेरा नाम मयंक है, मेरे नाम का क्या अर्थ होगा, चित्र द्वारा बताइए|

## Periodic Test-1 Revision

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** (4)

भारत की राजधानी नई दिल्ली में कई विख्यात उद्यान हैं, जिनमें मुगल गार्डन का एक विशिष्ट स्थान है| मुगल गार्डन राष्ट्रपति भवन परिसर में स्थित है| इसकी कल्पना 1911 में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस ने की थी| इस उद्यान को आम जनता के दर्शन के लिए भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने खुलवाया था| मुगल गार्डन में तरह-तरह के रंग-बिरंगे फूलों के साथ-साथ कई दुर्लभ प्रजातियों के पेड़-पौधे और जड़ी-बूटियाँ भी उगाई गई हैं| जिस क्षेत्र में जड़ी-बूटियाँ उगाई गई हैं, उसे औषधि उद्यान कहा जाता है|

(क) मुग़ल गार्डन भारत के किस शहर में स्थित है?

(ख) मुग़ल गार्डन को आम जनता के दर्शन के लिए किसने खुलवाया था?

(ग) मुग़ल गार्डन की कल्पना किसने और कब की थी?

- (i) मैधविन लुटियंस, 1911
- (ii) एडविन लुटियंस, 1911
- (iii) एडविन लुटियंस, 1191
- (iv) कैथविन लुटियंस, 1921

(घ) मुग़ल गार्डन के किस क्षेत्र को औषधि उद्यान कहा जाता है?

(i) जहाँ रंग-बिरंगे फूल उगते हैं|

(ii) जहाँ पेड़-पौधे तथा फूल उगते हैं|

(iii) जहाँ जड़ी-बूटियाँ उगाई जाती हैं|

(iv) इसमें से कोई नहीं|

**प्रश्न 2** **उचित शब्द से वाक्य पूरे करो :-** (2)

(क) ________________ वह शास्त्र है जो भाषा को शुद्ध रूप में बोलना, लिखना और पढ़ना सिखाता है| (लिपि, लिखित, व्याकरण)

(ख) संस्कृत को भारतीय भाषाओँ की ____________ माना गया है| (दादी, जननी, अवनी)

**प्रश्न 3** जो शब्द जातिवाचक संज्ञा नहीं है उस पर गोला लगाइए - (2)

(क) औरत बहन माँ राधा

(ख) नदी शेर मिठास पेंसिल

**प्रश्न 4** सही विकल्प का चयन कीजिए - (2)

(क) जंगल का राजा सिंह है- इस वाक्य में रेखांकित शब्द का लिंग क्या होगा?

(i) जंगली

(ii) सिंहनी

(iii) रानी

(iv) सभी सही हैं|

(ख) कुछ शब्द सदा पुल्लिंग की तरह प्रयोग किए जाते हैं, जैसे कौआ| ऐसे शब्दों के लिंग परिवर्तन के लिए किस शब्द का प्रयोग कर सकते हैं?

(i) मादा

(ii) नर

(iii) नारी

(iv) कौवी

**प्रश्न 5** **उचित विकल्प का चयन कीजिए :-** **(2)**

क. 'सुमन बनें हम हर क्यारी के' इस कविता के अनुसार कवि क्या बनकर चमकना चाहता है?

(i) चाँद
(ii) तारे
(iii) सूरज
(iv) आसमान

ख. अम्मा के पंखों में सिमटकर कौन आ गया?

(i) उल्लू
(ii) (ii) नन्हा उल्लू
(iii) (iii) सूरज
(iv) (iv) तारे

**प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (4)**

क. कवि संसार में सूरज के समान चमककर क्या करना चाहता है?

ख. अम्मा ने समुद्र को कितना गहरा बताया?

**प्रश्न 7 नीचे दिए चित्र का वर्णन 50 से 55 शब्दों के अनुच्छेद में कीजिए| (4)**



# HALF YEARLY EXAM REVISION

**खण्ड (क)**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (6)**

श्रवण कुमार एक आज्ञाकारी पुत्र था| उसके माता-पिता अंधे थे| एक बार उसके माता-पिता ने तीर्थयात्रा करने की इच्छा व्यक्त की| श्रवण कुमार ने माता-पिता को कांवर में बैठाकर कंधे पर रखकर तीर्थयात्रा कराई| यात्रा से लौटते समय एक जगह श्रवण के माता-पिता को प्यास लगी| जल का पात्र लेकर श्रवण नदी पर गया| जब वह पात्र में पानी भर रहा था तो उसमें आवाज़ हुई| उस आवाज़ को पशु द्वारा पानी पीता समझकर राजा दशरथ ने तीर चला दिया| वे आवाज़ पर बिना देखे तीर चलाने में कुशल थे| तीर जाकर श्रवण की छाती में लगा और उसकी मृत्यु हो गई| सब कुछ जानकर राजा बहुत दुखी हुए| जब श्रवण के माता-पिता को राजा ने उसकी मृत्यु का समाचार दिया तो वे बहुत दुखी हुए| उन्होंने राजा को पुत्र के वियोग में मरने का शाप दिया| शाप देकर दोनों ने अपने प्राण त्याग दिए|

(क) अपने माता-पिता का आज्ञाकारी पुत्र कौन था?

(i) संजीव कुमार (ii) श्रवण कुमार

(iii) राजा दशरथ (iv) ये सभी

(ख) श्रवण कुमार के माता-पिता ने क्या इच्छा व्यक्त की?

(ग) यात्रा से लौटते समय श्रवण के माता-पिता को क्या लगी?

(i) भूख (ii) भूख-प्यास

(iii) सर्दी (iv) प्यास

(घ) वे आवाज़ पर बिना देखे तीर चलाने में कुशल थे|- इस वाक्य में वे शब्द किसके प्रयुक्त हुआ है?

(ड.) श्रवण की मृत्यु का समाचार राजा ने किसे दिया?

(च) श्रवण के माता-पिता ने राजा को क्या श्राप दिया?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **(4)**

गांधी, तिलक, सुभाष, जवाहर का प्यारा यह देश है।
जियो और जीने दो का सबको देता संदेश है।।
प्रहरी बनकर खड़ा हिमालय जिसके उत्तर द्वार पर।
हिंद महासागर दक्षिण में इसके लिए विशेष है।।

लगी गूँजने दसों दिशाएँ वीरों के यशगान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।।

(क) यह प्यारा देश किसका है?- पद्यांश के आधार पर लिखिए|

(i) गाँधी (ii) तिलक

(iii) सुभाष (iv) सभी का

(ख) हमारा भारत देश सबको क्या संदेश देता है?

(ग) भारत के उत्तर में प्रहरी बनकर कौन खड़ा है?

(घ) 'कायर' शब्द के विलोम शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए|

## खण्ड (ख)

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर समझकर लिखिए :-** **(4)**

(क) उस साधन का नाम लिखिए जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार प्रकट करता है|

(ख) तमिल भाषा भारत के कौन-से राज्य में बोली जाती है?

(ग) 'अभिसुंदर नगर' के पास बने तालाब में छोटी मछलियाँ तैर रही हैं|' प्रस्तुत वाक्य में से कोई दो जातिवाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए|

(घ) व्याकरण की दृष्टि से लिखना क्रिया है तो लिखाई / लिखावट को क्या कहेंगे?

**प्रश्न 4 शब्द के सही वचन को गोला कीजिए :-** **(2)**

(क) टोपी - टोपीयाँ टोपियाँ टोपे

(ख) माला - माले मालायें मालाएँ

(ग) किताब - कीताबे किताबें पुस्तकें

(घ) दवाई - दवाइयाँ दवाईयां दवाईयों

**प्रश्न 5** **रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए:-** **(2)**

(क) लेखिका लेख लिख रही है|

(ख) बिलाव दूध पी रहा है|

**प्रश्न 6** **सर्वनाम शब्द को छाँटकर उससे एक नया वाक्य बनाइए :-** **(2)**

(क) मेरा भाई मुझसे डरता है|

(ख) मैं अभी स्कूल जा रहा हूँ|

**प्रश्न 7** **सही विकल्प का चयन कीजिए :-** **(2)**

(क) **मेरे छोटे भाई का प्यारा खिलौना खो गया है - वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित शब्द क्या हैं?**

(i) संज्ञा (ii) विशेषण (iii) क्रिया (iv) विलोम

(ख) **अमन ने अपने सच्चे मित्र को सब बताया - इस वाक्य में विशेषण शब्द कौन-सा है?**

(i) अमन (ii) अपने (iii) सच्चे (iv) मित्र

**प्रश्न 8** **निम्न प्रश्नों का उत्तर एक शब्द या दो शब्द में लिखिए :-** **(3)**

(क) समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(ख) जलज शब्द किस फूल के लिए प्रयोग किया जाता है?

(ग) जो जीवन के लिए ज़रूरी है तथा प्यास बुझाता है- इस शब्द के कोई दो पर्यायवाची लिखिए|

## <u>खण्ड (ग)</u>

**प्रश्न** 9 **निम्नलिखित में से कोई तीन वाक्यों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए :- (3)**

(क) आम के पेड़ पर ___________ का घर था| ( चुनचुन / चुनमुन )

(ख) ईसाई धर्म का प्रमुख त्योहर ______________ होता है| ( दीपावली / क्रिसमस )

(ग) नन्हा पेड़ को __________ पत्ते चाहिए थे| ( काले / सुनहरे )

(घ) कवि सारी _________ को अपना परिवार मानता था| ( नदी / धरती )

**प्रश्न** 10 **सही विकल्प का चयन कीजिए :- (2)**

(क) नन्हे पेड़ को लोग क्यों नहीं छूटे थे?

(i) सुनहरी पत्ती के कारण (ii) काँटों के कारण

(iii) नन्हा होने के कारण (iv) सभी विकल्प सही हैं|

(ख) नन्हा उल्लू पूरी रात अम्मा के संग किसके नीचे बैठा रहता था?

(i) छत के (ii) फूलों के (iii) सितारों के (iv) छतरी के

(ग) कथन - कविता में देश को वृक्ष के समान बताया गया है|

कारण - इस उपवन की देखभाल के लिए माली रखने की बात कही गई है|

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(iii) कथन सही है किंतु कारण गलत है|

(iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है|

(घ) पक्षी अपना घर सलीके से बनाते हैं- इस वाक्य में सलीके का क्या अर्थ है?

(i) सिलकर (ii) गंदे तरीके से (iii) अच्छे ढंग से (iv) सूत से

**प्रश्न** 11 **पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (3)**

**एक धरा है, एक गगन है,**

**सबकी खातिर एक पवन है,**

**फिर क्यों बँटा-बँटा सा मन है?**

**आओं स्नेह-कलश बनकर हम हर मन में छलकें|**

(क) **कवि ने किस - किस को एक बताया है?**

(ख) **कवि ने मन को कैसा बताया है?**

(ग) **प्यार के लिए गद्यांश में किस शब्द का प्रयोग किया गया है?**

**प्रश्न** 12 **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (3)**

नन्हा उल्लू ऊपर देखने लगा| वह पूरी रात पेड़ पर बैठा रहा| आसमान और सितारों के बारे में सोचता रहा| जो भी उसने अम्मा से सीखा था, उसके बारे में सोचता रहा| जैसे ही सूरज निकला नन्हा उल्लू अम्मा की ओर मुड़ा और बोला, "मैं तुमसे प्यार करता हूँ, अम्मा|"

(क) वह पूरी रात पेड़ पर बैठा रहा- इस वाक्य में वह शब्द किसके लिए आया है?

(ख) नन्हा उल्लू किसके बारे में सोचता रहा?

(ग) नन्हा उल्लू कब सोया?

**प्रश्न** 13 **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (4)**

(क) चीं- चीं और चीं-चूँ के स्वभाव में क्या अंतर था?

(ख) भारत को त्योहारों का देश क्यों कहा जाता है?

(ग) हरे-हरे पत्तों से भरा नन्हा पेड़ ठूँठ कैसे हो गया?

(घ) समुद्र की लहरों की आवाज़ सुनकर नन्हे उल्लू के मन में कौन-सा प्रश्न आया?

## खण्ड (घ)

**प्रश्न 14** **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :-** **(2)**


(i) सुमन (ii) झट - से (iii) सुनहरे (iv) शाख

**प्रश्न 15** **अपने भाई को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए|** **(4)**

**प्रश्न 16** **'मेरा प्रिय मित्र' विषय पर 50 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए|**

**अथवा**

**नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 40 से 45 शब्दों के अनुच्छेद में लिखिए :-** **(4)**



## Class IV Term - II

**S.E. Activity**

**स्वच्छ रहें,स्वस्थ रहें-विषय पर पोस्टर बनाकर नारा लिखिए|(SEA)**

**अंक विभाजन**

पोस्टर बनाना- **4** अंक

नारा लिखना- **4** अंक

समग्र प्रभाव- **2** अंक

**श्रुतभाव ग्रहण आधारित गतिविधि। WORKSHEET**

**अंक विभाजन**

**ध्यान से सुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखना - 10 अंक**

**AIL**

प्रकृति से संबंधित कविता सुनाना

**अंक विभाजन**

कविता सुनाना- **4** अंक

सही उच्चारण व लय के साथ - **4** अंक

समग्र प्रभाव- **2** अंक

| TERM-II | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **महीना** | **पाठ्य पुस्तक** | **व्याकरण** | **क्रियात्मक कार्य** | **गतिविधि** |
| **अक्टूबर** | पाठ-8 भारत के प्रमुख पक्षी<br>पाठ-9 तिल का ताड़ राई का पहाड़ (मौखिक) | *क्रिया<br>*काल | * अपठित पद्यांश<br>* औपचारिक पत्र | किन्हीं चार पक्षियों के चित्र चिपकाकर किसी एक की विशेषता लिखिए| |
| **नवम्बर** | पाठ-10 सो जाओ, अब रात हो गई (मौखिक)<br>पाठ-11 धरती कितनी बड़ी किताब (कविता) | *विलोम शब्द | *अनुच्छेद लेखन | समय के महत्त्व पर चर्चा करना|<br>प्रकृति से संबंधित कविता सुनाना| ( AIL) |
| **दिसम्बर** | पाठ -12 चाँद की चोरी<br>पाठ- 13 पत्थर चला घूमने | *अनेकार्थक शब्द | *चित्र वर्णन<br>*अपठित गद्यांश | चुटकुला या हास्य कविता सुनाकर हँसे और हँसाए| |

**PT-II Syllabus**

**पाठ्यपुस्तक - पाठ-8 भारत के प्रमुख पक्षी, पाठ-11 धरती कितनी बड़ी किताब**

**व्याकरण - क्रिया, काल, विलोम शब्द**

**क्रियात्मक कार्य - अपठित पद्यांश, औपचारिक पत्र**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **जनवरी** | पाठ -14 रास्ते का पत्थर | *अनेक शब्दों के लिए एक शब्द<br>* मुहावरे | *औपचारिक पत्र<br>*चित्र वर्णन | स्वच्छ रहें,स्वस्थ रहें-विषय पर पोस्टर बनाकर नारा लिखिए|(SEA) |
| **फरवरी** | *पुनरावर्तन | *पुनरावर्तन | *पुनरावर्तन | *प्रश्नोत्तरी |

**Annual Syllabus** :-

**पाठ्यपुस्तक- पाठ-8 भारत के प्रमुख पक्षी, पाठ-11 धरती कितनी बड़ी किताब,**

**पाठ -12 चाँद की चोरी, पाठ- 13 पत्थर चला घूमने, पाठ -14 रास्ते का पत्थर**

**व्याकरण - विशेषण, पर्यायवाची शब्द, क्रिया, काल, विलोम शब्द, अनेकार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द , मुहावरे|**


**क्रियात्मक कार्य - पठित गद्यांश, अपठित पद्यांश , चित्र वर्णन , औपचारिक पत्र, अनुच्छेद लेखन**

**QUESTION BANK**

**पाठ्यपुस्तक नव उन्मेष**

## पाठ-8 भारत के कुछ प्रमुख पक्षी




क. किस पक्षी को शांति का प्रतीक माना जाता है?

ख. कुहू-कुहू कर रस घोले कौन है जो ऐसा बोले?

ग. काले बादल देख नाचू मैं पहचानो कौन हूँ मैं?

घ. मिर्ची खाना मुझे पसंद है?

ड. घरों में घोंसला बनाने वाली भूरे रंग की चिड़िया क्या कहलाती है?

## पाठ-11 धरती कितनी बड़ी किताब (कविता)

यह कौन-सा ग्रह है?

क. 

ख. हमारे सौरमंडल में कुल कितने ग्रह हैं?

ग. सभी ग्रहों में से किस पर जीवन संभव है?

घ. कवि ने धरती को क्या बताया है?

ड.   धरती के अंदर छिपे कोई एक खज़ाने का नाम लिखिए|

## पाठ-12 चाँद की चोरी

क.   अर्ध चाँद का चित्र बनाइए|

ख.   कौन-से ग्रह पर गुरुत्वाकर्षण शक्ति है?

ग.   राजा ने राजू को कैसे विदा किया?

घ.   भारत में चाँद पर पड़े काले धब्बे किसके समान प्रतीत होते हैं?

i   चरखा चलाती बुढ़िया माँ के समान

ii   मेंढक के समान

iii   गमले के समान

## पाठ-13 पत्थर चला घूमने

क.  यह कौन-से पत्थर से बना है?

ख. नन्हे पत्थर का घर कहाँ था?

ग. नन्हे पत्थर ने अपने साथ ले जाने की विनती किससे की?

i)हवा से   ii)बादल से   iii)धारा से

घ. नन्हा पत्थर स्वभाव से कैसा था?

ड. पत्थर से बनी कोई एक मूर्ति का नाम लिखिए|

## पाठ-14 रास्ते का पत्थर

क. आप अपने मित्रों के साथ पत्थर का प्रयोग करके जो खेल खेलते हैं, उनमें से किसी एक का नाम लिखिए|

ख. अगर रास्ते में पड़े  पत्थरों को नहीं हटाएँगे तो क्या होगा?

i)चोट लग सकती है    ii)मज़ा आएगा    iii) तूफान आएगा

ग. रास्ते पर  चलते हुए कुल कितने राहगीर आते हैं और उनकी प्रतिक्रिया को कौन छिपकर देख रहा था?

घ. 'बेवकूफों की कमी नहीं है इस दुनिया में' यह कौन-सा राहगीर बोलता है?

ङ. अंत में रास्ते के पत्थर को कौन हटाता है?

## व्याकरण

### क्रिया

क. क्रिया किसे कहते हैं?जिन शब्दों से किसी काम के-

i)खोने का पता चले    ii)करने या होने का पता चले    iii)रोने का पता चले

ख. खेलना शब्द से वाक्य बनाइए|

वाक्यों में आए क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए-

ग. पानी बरस रहा है|

घ. चिड़िया चहचहा रही है|

ङ. घोड़ा दौड़ रहा है|

### काल

क. काल के कितने भेद हैं?

ख. प्रत्येक का एक-एक उदाहरण लिखिए:-

भूतकाल:-

वर्तमान काल:-

भविष्यत काल:-

ग. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल को पहचानकर उनके भेद लिखिए :-

कल उसे बुखार था|

हम सोमवार को मंदिर जाएँगे|

पिताजी कार्य कर रहे है|

## विलोम शब्द

क. उलटे अर्थ वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

i)विलोम शब्द ii)भिन्न शब्द iii)क्रिया शब्द

ख. नीचे दिए शब्दों के विलोम लिखिए-

धूप- आदर- महान-

ग. विलोम शब्दों का मिलान कीजिए-

| | |
|---|---|
| उदय | जीत |
| हार | अस्त |
| खुशबू | अवगुण |
| गुण | बदबू |

## अनेकार्थक शब्द

क. जग के दोनों अर्थ वाले वाक्य बनाइए|

ख. नीचे दिए शब्दों के दोनों अर्थ लिखिए-

i मत-

ii पर-

iii तीर-

ग. उचित शब्द पर गोला कीजिए-

i हमें बड़ों का (समान,सम्मान) करना चाहिए|

ii पिता जी बाज़ार से (सामान, सम्मान) लाए|

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

(वक्ता, डरपोक, श्रोता, दर्शक, खिलाड़ी)

कोष्टक में से देखकर अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-

क. डरने वाला-

ख. खेलने वाला-

ग. सुनने वाला-

घ. देखने वाला

ड. बोलने वाला-


## मुहावरे

चित्रों को देखकर मुहावरे लिखिए-

क. 

ख. 

ग.



घ.



ड.



**PERIODIC TEST-II REVISION**

**प्रश्न.1** **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**यहीं हिमालय-सा पहाड़ है,**
**यहीं गंगा की धारा है ।**
**यमुना लहराती है सुंदर**
**भारत कितना प्यारा है ॥**

**फलों-फूलों से भरी भूमि है,**
**खेतों में हरियाली है|**
**आमों की डाली पर बैठी,**
**गाती कोयल काली है ॥**

क. इस देश में किसकी धारा बहती है ? 1

ख. भारत की भूमि किससे भरी हुई है ? 1

ग. आमों की डाली पर बैठकर कौन गीत गाता है ? 1

घ. टहनी शब्द का समानार्थी लिखिए| 1

प्रश्न.2 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

1. निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखिए-

क वे फल खा चुके थे| 1

ख मैंभी आपके साथ चलूँगी| 1

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए- 2

चुस्त- उदय-

3. क्रिया कितने प्रकार की होती है? 1

कागज़ तैर रहा है वाक्य में क्रिया को रेखांकित कीजिए? 1

प्रश्न.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

क. कलगी क्या होती है? 2

ख. धरती के भीतर कौन-कौन सी चीज़ें छिपी हैं? 2

प्रश्न.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए :-

क. किस पक्षी को शांति का प्रतीक माना जाता है? 1


ख. धरती की पुस्तक में किसकी कहानी लिखी है? 1

प्रश्न.5 मुख्य अध्यापक जी को शुल्क (फ़ीस) माफ़ी के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए| 4

## ANNUAL EXAM REVISION

### खण्ड (क)

**प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**



"इन्कार का भाव"

बरसात के दिन आने‌ ... एक चिड़िया अपने बच्चों के ... आश्रय बनाने के लिये नदी ... गयी। वहाँ दो पेड़ थे, उसने ए... से कहा—"बरसात से बचने के ... मैं और मेरे बच्चे तुम्हारी डा... अपना घौंसला बना लें ?" पेड़ ... किसी को भी आश्रय देने से मना नहीं करते किन्तु उस पेड़ ने ब... बेरुखी के साथ चिड़िया को इन्कार कर दिया। चिड़िया फि... दूसरे पेड़ के पास गयी तो उस पेड़ ने चिड़िया को अपना ... बनाने की अनुमति दे दी।

बरसात के दिन आरम्भ हुए एक दिन तेज बर्षा आय... बर्षा को पहला पेड़ झेल नहीं पाया और उखड़कर नदी में बह... पेड़ को बहता देखकर चिड़िया बोली—"ऐ पेड़, एक दिन मैं ... आश्रय माँगने आयी थी परन्तु तुमने बड़ी ही बेरूखी से मन... दिया था, तुम्हारी उसी बेरूखी की सजा आज भगवान् ने तुम्हे... जो तुम नदी में बहे जा रहे हो।"

पेड़ ने बड़े ही शान्त भाव से उत्तर दिया—"मैं जानता थ... जड़ें कमजोर हैं, और इस बारिश में टिक नहीं पाऊँगा, मैं तुम्हार... बच्चे की जान खतरे में नहीं डालना चाहता था, इसलिये तुम्हें ... से मना करना पड़ा। मना करने के लिए मुझे क्षमा कर दो, ... कहते-कहते पेड़ बह गया।"

किसी के इन्कार को हमेशा उनकी कठोरता न समझें ... पता उसके उसी इन्कार से आप का भला हो, कौन किस परि... में है शायद हम नहीं समझ पायें, इसलिए किसी के चरित्र औ... को उनके वर्तमान व्यवहार से ना तौलें।

(क) चिड़िया नदी किनारे क्यों गई? **1**

(i) आश्रय बनाने के लिए (ii) बैठने ले लिए (iii) खाने के लिए

(ख) नदी किनारे कितने पेड़ थे? **1**


(ग) चिड़िया ने पहले पेड़ से क्या पूछा? **2**

(घ) दूसरे पेड़ ने चिड़िया को किसकी अनुमति दे दी 1

(i)घर बनाने की (ii) तिनका लाने की (iii) उड़ जाने की

(ड) इस कहानी से क्या सीख मिलती है? 1

**प्रश्न-2** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-




(क) यह कविता किस पर आधारित है? 1

(i) अभिनेता पर (ii) महात्मा गांधी पर (iii) खिलाड़ी पर

(ख) वे अपने साथ क्या लाए थे? 1

(i) अहिंसा की आँधी (ii) लड़ने की आँधी (iii) क्रोध की आँधी

(ग) गांधी जी हाथ में क्या लेकर चलते थे? 1

(i) लाठी (ii) कपड़े (iii) फूल

(घ) गांधी जी ने किसे दूर भगाकर हमें आज़ाद करवाया? 1

खण्ड (ख)

प्रश्न-3 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

(क) वाक्यों में से विशेषण शब्द चुनकर लिखिए-

बगीचे में लाल फूल खिले हैं| 1

सीमा चतुर लड़की है| 1

(ख) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:-

पुस्तक- 1

देवता- 1

(ग) जब क्रिया के साथ कर्म होता है तो उसे कौन-सी क्रिया कहते हैं?

(i) सकर्मक (ii) अकर्मक (iii) प्रतिक्रिया (iv) सभी सही हैं 1

मोहन पढ़ रहा है| वाक्य में आई क्रिया को रेखांकित कीजिए| 1

(घ) वाक्यों को पढ़कर उनके काल लिखिए :-

कल काले बादल छाए थे| 1

आज वर्षा हो रही है| 1

(ड.) विलोम शब्द लिखिए:-

परिश्रमी- 1

उपस्थित- 1

(च) अनेकार्थी शब्दों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:-

तीर- 1

(i) किनारा-बाण (ii) गत्ता-कागज़ (iii) परंतु-पहले 1

मत-

(i) पंख-रंग (ii) वोट-नहीं (iii) आज-कल

(छ) वाक्यांश के लिए सही शब्द लिखिए:-

( छायादार, सर्वज्ञ, निडर )

जिसे कोई डर न हो- 1

छाया देने वाला- 1

(ज) <u>काम तमाम करना</u> इस मुहावरे का अर्थ लिखिए| 1

खण्ड (ग)

प्रश्न-4 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:-

खोल-खोल कर बाँचा इसको,
देखा-परखा जाँचा इसको,
निकला है अनमोल खजाना,
मानव का इतिहास पुराना|
सब अच्छा कुछ नहीं खराब
धरती कितनी बड़ी किताब|

(क) बच्चों ने किसे खोलकर बाँचा? 1

(i) पत्रिका को (ii) किताब को (iii) समाचार पत्र को

(ख) पुस्तक में से क्या निकला? 1

(i) अनमोल खजाना (ii) पत्तों का रंग (iii) रंगों का चित्र

(ग) कविता में बाँचा शब्द का अर्थ क्या है? 1

प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

(क) शांति का प्रतीक और पत्रवाहक पक्षी कौन-सा है? यह तोते से किस बात में अलग है? 2

(ख) पहले, दूसरे व तीसरे राहगीरों को देखकर राजा को कैसा लगा? 2

प्रश्न-6 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:-

हिमालय के ऊँचे पहाड़ों में कई पत्थर रहते थे| उनमें एक नन्हा पत्थर भी था| बाकी सभी पत्थर बड़े-बड़े थे जो हिलते डुलते नहीं थे| नन्हा पत्थर थोड़ा चंचल था| वह कभी हवा के साथ तो कभी बारिश के साथ इधर-उधर सरक जाता था|

(क) हिमालय के ऊँचे पहाड़ों में कौन रहता था? 1

(i) तोता (ii) कबूतर (iii) पिता जी (iv) कई पत्थर

(ख) उनमें एक ------------- पत्थर भी था| वाक्य पूरा कीजिए| 1

(i) काला (ii) नन्हा (iii) सफ़ेद (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) नन्हे पत्थर का स्वभाव कैसा था? 1

(i) लालची (ii) चतुर (iii) चंचल (iv) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-7** किसने,किससे कहा :-

(क) 'समझ में नहीं आ रहा कि मैं क्या करूँ?' 1

(ख) "पर महाराज, मैंने क्या किया है जो......|" 1

**प्रश्न-8** प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:-

(क) इनमें से कीड़े दर्जिन चिड़िया कहा जाता है? 1

(i) बया को (ii) मोर को (iii) तोते को (iv) सभी सही हैं

(ख) राजकुमारी ने चाँद को कितना बड़ा बताया? 1

(i) थाली जितना (ii) हथेली जितना (iii) रोटी जितना (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) राजा किससे बहुत प्रेम करता था? 1

(i) अपनी बेटी से (ii) चिड़िया से (iii) बेटे से (iv) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड (घ)

**प्रश्न-9** निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए:- 2

(क) चंचल

(ख) विश्राम

**प्रश्न-10** प्रधानाचार्या जो को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए| 4

**अथवा**

'रेलवे स्टेशन का दृश्य' विषय पर 45 से 50 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए|

**प्रश्न-11** चित्र को देखकर 45 से 50 शब्दों में वर्णन कीजिए| 4

